# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध  एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया के नेतृत्व मे आज दिनांक 10.07.2026 को थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 114/2026 धारा 64(2),115(2), 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के भीतर मालीजोत चौराहा से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.गोपाल पुत्र पिंगल निवासी ग्राम रेहरा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 प्रदीप कुमार चौहान (चौकी प्रभारी चेतिया) थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 प्रकाश सिंह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा एक वारन्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार के नेतृत्व मे आज दिनांक 10.07.2026 को उसका बाजार पुलिस द्वारा वाद संख्या 902410/2006 मु0अ0स0 03/2006 धारा 323, 324, 325, 504, 506 भादवि से संबंधित वारन्टी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-** *

01.सीताराम पुत्र गब्बू निवासी बकैनिहा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 जयप्रकाश उपाध्याय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.का0 धनेश कुमार यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना खेसरहा पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के 01 आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 09.07.2026 को वाद सं0-84/2025 मु0अ0सं0- 234/2024 धारा 105 बीएनएस थाना खेसरहा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त आत्माराम लोधी पुत्र स्व0 बाबुराम लोधी निवासी कोटिया पाण्डेय थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को 10 वर्ष के कठोर कारावास व ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी राजेश्वर चन्द्र थाना खेसरहा का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- सेहरी घाट में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 10/07/2026 थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम-सेहरी घाट में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 मलखा प्रसाद

02.आ0 सुदामा यादव

03.म0आ0 बबिता भारती

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम परसा सुकराला की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम परसा सुकराला की महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

1.हे0का0 शैलेंद्र गिरी

2.म0का0 कालिंदी यादव

3.म0का0 ज्योति शुक्ला

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम-घूमची की बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम थानाक्षेत्र के ग्राम-घूमची की बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 रामधनी प्रसाद

02.म0का0 प्रतिमा दूबे

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर महोदय द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 126/2026 धारा 65(2) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को आज दिनांक 10.07.2026 को डोमसरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.राजेश कुमार पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम डोमसरा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण-**

01.प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
02.हे0का0 सरोज कुमार यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
03.रि0का0 विशाल बौद्ध थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
04.रि0का0 कृष्ण कुमार थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सिद्धार्थनगर जनपदीय एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों  व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन तथा विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10.07.2026 को मीरा चौहान प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान व एण्टी रोमियो अभियान के तहत थानाक्षेत्र चिल्हिया के पल्टा देवी मंदिर, जगदीशपुर, रेलवे स्टेशन चिल्हिया, आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे  विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**जनपदीय एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

02.महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्य

03.महिला आरक्षी नेहा सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय सोनौली नानकार की छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय सोनौली नानकार की छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 बबुना यादव

02.म0आ0 अनुपम

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्रामसभा कापसिहवा के मुस्लिम विद्यालय दारुल उलूम की छात्राओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी ग यी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 10.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्रामसभा कापसिहवा के मुस्लिम विद्यालय दारुल उलूम की छात्राओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजकुमार यादव

02.हे0का0 अविनाश सिंह

03.म0का0 उर्मिला, शोभा भारती

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के उदय राज पब्लिक मेमोरियल स्कूल बरगदवा में बलिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के उदय राज पब्लिक मेमोरियल स्कूल बरगदवा में महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे मंस जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 दीनदयाल सिंह

02.आ0 मनीष वर्मा

03.म0आ0 बबिता सिंह

04.म0आ0 चांदनी मिश्रा

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भरौली की छात्राओं को महिला सुरक्षा व साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 10.07.2026 को थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भरौली की छात्राओं को महिला सुरक्षा व साइबर जागरूकता अभियान के तहत गुड़ टच एवं बैड टच व महिला अपराध तथा उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढ़ेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा

02. हे0का0 दाहारी यादव

03.रि0म0का0 दीपिका

## प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पति-पत्नि के पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दोनो को विदा किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर क्रम मे एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में अभय सिंह थानाध्यक्ष जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 10.07.2026 को आवेदिका मीना पत्नी राजकुमार साकिन पारानानकार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि आवेदिका व उनके पति राजकुमार साकिन पारानानकार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के मध्य कुछ कहा सुनी हुआ था जिससे आपस में मनमुटाव हो गया था उभय पक्षों को मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई दोनो पक्षो (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्तों एंव बच्चे के प्रति उनके दायित्वों व पारिवारिक कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया गया जिससे दोनो पक्ष (पति-पत्नि) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। अब दोनों पक्षों के मध्य कोई विवाद नही है। पति-पत्नि सकुशल एक साथ राजी-खुशी घर भेज दिया गया। उक्त पुलिस कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा सराहना की गयी।

**थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

01.मुख्य महिला आरक्षी सत्या त्रिपाठी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.महिला आरक्षी सुशीला कुशवाहा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मोहाना पुलिस की प्रभावी पैरवी नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के आरोपी को 03 वर्ष के कठोर कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 10.07.2026 को वाद सं0-18/2020 मु0अ0सं0- 201/2019 धारा 354(ग),506 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट, 67(बी) आईटी एक्ट थाना मोहाना में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार, एएसजे/जेपीसी /पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अंकित जायसवाल पुत्र महेश जायसवाल निवासी मधुबनी थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 354 सपठित धारा 7/8 पाक्सो एक्ट 03 वर्ष के कठोर कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी पूरन कुमार यादव थाना मोहाना का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना कोतवाली बांसी पुलिस की प्रभावी पैरवी हत्या के 07 आरोपियो को आजीवन कारावास व प्रत्येक को ₹20,000-20,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 10.07.2026 को वाद सं0-84/2025 मु0अ0सं0- 4012/2017 धारा 147,148, 302,120(B) भादवि थाना बांसी में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश, एएसजे बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.राजू मौर्य पुत्र भगवती मौर्य निवासी घूसडे सगरा थाना सोनहा जनपद बस्ती 02.जयश्री मौर्य पुत्र रामतीरथ मौर्य निवासी सुडिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर 03.बिन्द्रा उर्फ बिन्द्रावती पत्नी रामउजागिर निवासी पटखौली थाना बांसी 04.श्यामनरायन उर्फ श्यामप्रकाश उर्फ चिनकू पुत्र मोतीलाल निवासी पटेलनगर थाना बांसी 05.जगदीश 06.विजय 07.भोलू उर्फ गोलू पुत्रगण रामउजागिर निवासीगण पटखौली थान बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 302 सपठित धारा 120(बी) में आजीवन कारावास व प्रत्येक को ₹20,000-20,000/- व धारा 147 भादवि में प्रत्येक को 02 वर्ष के श्रश्रम कारावास व धारा 148 भादवि में 03 वर्ष के कारावास से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक ईश्वचन्द्र चन्द्र दूबे तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी ऊधम सिंह थाना बांसी का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 10.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त एवम् चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।